निःशुल्क पशु उपचार एवं परजीवी नियंत्रण शिविर का आयोजन

नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत प्रसार शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 27/4/2018 को जनजातीय उप योजना के तहत मंडला जिले के ग्राम योजना के गोद लिए गए गाँव कैलवास में प्रातः 7 बजे से निःशुल्क पशु उपचार एवं परजीवी नियंत्रण शिविर का आयोजन किया गया एवं हितग्रहियों (स्व सहायता समूहों) द्वारा बकरी पालन का निरिक्षण किया गया। शिविर में लगभग 32 गाय, 39 बकरियाँ का निशुल्क निरीक्षण एवं उचित उपचार दिया गया आवश्यक पशुपालकों को निशुल्क खनिज मिश्रण एवं विश्वविद्यालय द्वारा बनाया गया ओ.आर.एस. पाउडर भी प्रदान किया गया। इस प्रकार शिविर से लगभग 71 पशुओं को अपने ही क्षेत्र में परीक्षण एवं उपचार की सुविधा दी गई। शिविर को सफल बनाने में डॉ. रूचि सिंह, डॉ.दानवीर यादव, स्नातकोत्तर और स्नातक छात्र–छात्राओं एवं ग्राम सरपंच का सराहनीय योगदान रहा।

डॉ. ओ. पी. श्रीवास्तव
जनसम्पर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर